कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल, उज्जैन (मध्य प्रदेश)

(E-mail: jscjujn@mp.gov.in Phone/Fax No. 0734-2581020)

क्रमांक / 152 / निर्वाह / 2026 उज्जैन, दिनांक 11 / 05 / 2026

प्रति,

संचालक,
सूचना एवं प्रकाशन संचालनालय,
बाणगंगा, भोपाल (म.प्र.)

विषय :– वित्तीय वर्ष 2026–27 की **द्वितीय ई–निविदा विज्ञप्ति** को समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने बाबत्।

संदर्भ :– जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक 27959 / निर्वाह शाखा / 2025 भोपाल, दिनांक 22.12.2025

★★★

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भ में लेख है कि केन्द्रीय जेल उज्जैन में परिरूद्ध बंदियों के लिये वित्तीय वर्ष 2026–27 में खाद्यान्न, सब्जी / फल, दवाईयां तथा अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतु द्वितीय वार्षिक ई–निविदा वर्ष 2026–27 दिनांक 01.06.2026 शाम 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

अतः संलग्न द्वितीय ई–निविदा सूचना का प्रकाशन कम से कम एक राष्ट्रीय समाचार–पत्र एवं दो राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 15.05.2026 के पूर्व आवश्यक रूप से प्रकाशित कराये जाने तथा प्रकाशित समाचार पत्रों की प्रतियाँ अभिलेख हेतु केन्द्रीय जेल उज्जैन को भेजने का कष्ट करें।

संलग्न :– निविदा विज्ञप्ति की 05 प्रतियाँ।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल उज्जैन (म.प्र.)

पृ. क्रमांक / / निर्वाह / 2026 उज्जैन, दिनांक / / 2026

प्रतिलिपि :–

1. महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ, जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल की ओर द्वितीय ई–निविदा सूचना सादर प्रेषित है।
2. जिला दण्डाधिकारी, जिला उज्जैन की ओर एक प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही एवं द्वितीय ई–निविदा के प्रचार–प्रसार हेतु सादर प्रेषित।
3. आयुक्त, नगर पालिका निगम, जिला उज्जैन की ओर ई–निविदा सूचना की एक प्रति भेजकर कर निवेदन है कि द्वितीय ई–निविदा का प्रचार प्रसार करवाने की कृपा करें।

4. तहसीलदार, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन की ओर एक प्रति सूचनार्थ प्रेषित कर आग्रह है कि निविदा दिनांक 03.06.2026 के पूर्व निविदा में उल्लेखित वस्तुओं के बाजार भाव प्रदाय करने का कष्ट करें।
5. पंजीयक, सहकारी समिति, उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।
6. प्रबंधक, म. प्र. राज्य विपणन संघ, उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।
7. प्रबंधक, म. प्र. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।
8. प्रबंधक, म. प्र. राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ मर्यादित, उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
9. स्थानीय व्यापारियो की ओर व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
10. जेल उपअधीक्षक (प्रशासन), केन्द्रीय जेल, उज्जैन की ओर द्वितीय ई–निविदा सूचना की एक प्रति प्रेषित।
11. अधीक्षक, केन्द्रीय जेल भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इन्दौर, रीवा, सतना, सागर, बड़वानी, होशंगाबाद, नरसिंहपुर, रतलाम तथा उज्जैन की सर्किल जिला/उप जेलों शाजापुर, देवास, आगर, कन्नौद, बागली, तराना, महिदपुर, शुजालपुर, सुसनेर, बड़नगर, सोनकच्छ की ओर द्वितीय ई–निविदा सूचना को स्थानीय व्यापारियों से टीप कराकर वापस इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।
12. प्रमुख मुख्य प्रहरी, केन्द्रीय जेल उज्जैन की ओर द्वितीय ई–निविदा की 01 प्रति भेजकर लेख है कि सूचना–पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।

-Sd-

जेल अधीक्षक

केन्द्रीय जेल उज्जैन (म.प्र.)

Signature Not Verified

Digitally signed by JASMAN SINGH DAWAR

Date: 2026.05.15 17:51:09 IST

Location: Madhya Pradesh-MP